भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
31.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1471 का उत्तर

चेन्नई एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार, सालासर एक्सप्रेस

1471. श्री लुम्बा राम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का समदड़ी भीलड़ी मार्ग पर यात्रियों को होने वाली समस्याओं के मद्देनजर चेन्नई एक्सप्रेस, 22919/22920 का हिसार तक, सालासर एक्सप्रेस, 22421/22422 तथा भगत की कोठी कामाख्या एक्सप्रेस, 15623/15624 का विस्तार करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त तीनों रेलगाड़ियों के विस्तार में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, भीलड़ी-समदड़ी खंड 11 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय रेल में रेलगाड़ी सेवाओं का विस्तार करना सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचानिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****